**Dainik Bhaskar (Indore), 20th August 2020, Page-2**

# आईआईटी ईडब्ल्यूएस का लाभ देगा, बीटेक में बढ़ेंगी 24 सीटें

भास्कर संवाददाता | इंदौर

आईआईटी इंदौर अपने यहां प्रवेश लेने वाले आर्थिक रूप से पिछड़े (ईडब्ल्यूएस) सामान्य वर्ग के छात्रों को इस सत्र से आरक्षण का लाभ देगा। संस्थान ने बीटेक सहित अपने सभी कोर्स में 10 फीसदी सीटें बढ़ाने का निर्णय लिया है। सबसे ज्यादा 24 सीटें बीटेक की बढ़ेंगी। आईआईटी इंदौर ने पिछले साल इस आरक्षण के तहत किसी भी छात्र को प्रवेश नहीं दिया था। आईआईटी के पीआरसीएलओ कमांडर सुनील कुमार ने बताया कि इस साल सभी कोर्स में बढ़ी हुई सीटों पर प्रवेश देंगे। बीटेक की चार ब्रांच में सीटों की कुल संख्या 240 है। इस आधार पर सामान्य वर्ग के आर्थिक रूप से पिछड़े छात्रों के लिए 24 सीटें आरक्षित रहेंगी। इसके अलावा एमटेक, एमएससी और एमएस कोर्स में भी ईडब्ल्यूएस का लाभ दिया जाएगा। आईआईटी जैसे संस्थानों में लड़कियों की संख्या बढ़ाने के लिए सरकार सुपरन्यूमरेरी सीट का नियम लागू कर चुकी है। इसके तहत हर कक्षा में न्यूनतम 17 फीसदी लड़कियों को प्रवेश दिया जाना आवश्यक है। आईआईटी इंदौर ने पिछले साल 20 फीसदी लड़कियों को प्रवेश दिया था।